>

Title: Regarding contibution under EPFO and other issues related to tea workers of Assam.

श्री जॉन बर्ला (अलीपुरद्वारस) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से इस सदन को सूचित कराना चाहता हूं कि अलीपुर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग जिले में 15 चाय बागान बंद पड़े हैं और अभी 12 चाय बागान बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं, जिसके कारण मजदूरों का पलायन हो रहा है । वे अपने क्षेत्रों को छोड़कर दूर-दूर जाकर रोजगार खोजने के लिए मजबूर हो रहे हैं । वे मजदूर जो रिटायर हो गए हैं, उनके पीएफ के नाम और आधार कार्ड के नाम से मिचमैच होने के कारण वे अपने पीएफ तथा पेंशन का क्लेम नहीं कर पा रहे हैं । बहुत सारे उद्योगों के मालिकों द्वारा और पीएफ डिपार्टमेंट द्वारा मजदूरों से पीएफ की राशि को काटा जा रहा है, लेकिन वे उसको जमा नहीं कर रहे हैं ।   महोदय, राज्य सरकार को उपरोक्त विषय के बारे में बार-बार सूचित करने के बाद भी राज्य सरकार उसकी अनदेखी कर रही है । अतः मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि जल्द से जल्द इस समस्या पर एक सक्रिय कमेटी बनाई जाए, जो इस समस्या का समाधान कर सके ।